

# हमेशा से अभिनेत्री बनना चाहती थीः भूमि पेडनेकर

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर का कहना है कि ऐसा नहीं है कि वह यूं ही अचानक बॉलीवुड का हिस्सा बन गईं, वह हमेशा से एक अभिनेत्री ही बनना चाहती थीं। भूमि ने कहा, मैं हमेशा से कलाकार बनना चाहती थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने बहुत ही कम उम्र से काम करना शुरू कर दिया था और उन्हें विश्वास था कि आखिरकार वह ऐसा करने में कामयाब रहेंगी। फिल्मों में प्रयास करने से पहले, भूमि यश राज फिल्म्स (वाईआरएफ) के कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा की सहायक थीं। यश राज फिल्म्स ने दम लगा के हईशा का निर्माण किया था जिससे भूमि बतौर अभिनेत्री चर्चा में आईं। भूमि ने स्टार वर्ल्ड पर प्रसारित होने वाले शो कॉफी विद करण के एक एपिसोड में बॉलीवुड में अपनी शुरुआत के बारे में बात की।

उन्होंने कहा, जैसे ही यह स्क्रिप्ट आई, मुझे नहीं पता था कि वे मेरा ऑडिशन ले रहे थे। वह नकली ऑडिशन के लिए सहमत हो गईं।

उन्होंने कहा, शानू ने मुझे करने के लिए चार दृश्य दिए और मैंने उन सभी को किया और ऑडिशन हुआ।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है जब दम लगा के हईशा के मेरे निर्देशक शरत कटारिया को मेरा काम पसंद आया, तो उन्होंने मुझसे कहा कि ओह! तुम्हें पता है क्या, यह एक नकली ऑडिशन नहीं था। हम वास्तव में आपका ऑडिशन ले रहे थे।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

## गर्लफ्रेंड के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहना चाहते हैं कार्तिक आर्यन

बॉलिवुड में साल 2011 से ऐक्टिंग की शुरुआत करने वाले ऐक्टर कार्तिक आर्यन अपनी गर्लफ्रेंड के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहना चाहते हैं। इस बारे में कार्तिक ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान निजी सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। हालांकि कार्तिक अपनी आने वाली फिल्म लुका छिपी पर बात कर रहे थे। जो कि लिव इन विषय पर ही बेस्ड है।

खबर यह भी है कि कार्तिक पर ऐक्ट्रेस सारा अली खान का भी क्रश है। इसके अलावा वह स्टार किड अनन्या पांडे को डेट कर रहे हैं। कार्तिक बताते हैं कि जब भी उनकी कोई गर्लफ्रेंड बनती है, उनकी मां उससे दोस्ती कर लेती हैं। इसके बाद वह कार्तिक के बजाए उनकी मां की ज्यादा करीबी हो जाती है और वह साइड लाइन हो जाते हैं।

# के3जी की पू के बारे में करीना ने कहा, दोबारा नहीं बन सकता वह किरदार

फिल्म कभी खुशी कभी गम कई लोगों के फेवरिट फिल्मों के लिस्ट में शुमार है। फिल्म में करीना कपूर द्वारा निभाए गए पू के कैरेक्टर की अलग ही पहचान है। आज भी लोग इस फिल्म को पसंद करते हैं, और पू का कैरेक्टर इसकी वड़ी वजह है। अब इस कैरेक्टर के बारे में खुद पू यानी की करीना कपूर ने अपने दिल की बात कही है।

कभी खुशी कभी गम की पू के बारे में करीना कहती हैं कि वह किरदार अपने समय से काफी आगे था। एक इंटरव्यू में करीना से पूछा गया कि अगर के3जी का रीमेक बनता है तो उनके अनुसार पू का किरदार किस ऐक्ट्रेस को निभाना चाहिए। इसपर जवाब देते हुए करीना ने कहा कि पू को कोई रिप्लेस नहीं कर सकता है क्योंकि वह अपने समय से काफी आगे थी। वह एक घमंडी लड़की थी जिसे अपने बारे में बातें करना काफी खूब अच्छा लगता है।

हाल ही में पू को लेकर सारा अली खान से भी सवाल किया गया था कि उन्हें कैसा लगता है कि पू उनकी स्टेप मदर हैं। इसपर सारा खिलखिला पड़ी थीं। सारा कई बार बता चुकी हैं कि उन्हें पू का किरदार काफी पसंद है। करीना कपूर पिछली बार फिल्म वीरे दी वेडिंग में नजर आई थीं। इसके बाद वह करण जौहर की पीरियड ड्रामा तख्त में नजर आएंगी।



# जल्दी ही गर्लफ्रेंड नताशा दलाल से शादी करने वाले हैं ऐक्टर वरुण धवन!

फिल्म इंडस्ट्री से ऐक्टर वरुण धवन की शादी की खबरें आनी शुरू हो गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह अपनी गर्लफ्रेंड नताशा दलाल के साथ जल्दी ही शादी कर सकते हैं। खबरें यह भी हैं कि शादी के ही सिलसिले में वरुण की गर्लफ्रेंड को आउटफिट, डेकोरेशन और फूलों की खरीदारी करते हुए देखा भी गया है। इसके अलावा एक टीवी शो में वरुण ने भी अपनी शादी के बारे में बात की थी। बता दें कि बॉलीवुड ऐक्टर वरुण धवन की गर्लफ्रेंड पेशे से फैशन डिजाइनर हैं। ऐसे में यह भी कहा जा रहा है कि हो सकता है कि वह खुद ही शादी की ड्रेस डिजाइन करेंगी। इसके अलावा शादी के लिए नताशा हर बात का खुद ही ख्याल रख रही हैं। ताकि सबकुछ बेहतरीन तरीके से हो। हाल ही में फिल्म मेकर करण जौहर के टीवी शो काफी विद करण में वरुण धवन ने नताशा दलाल के साथ अपने रिलेशनशिप की बात भी कबूल की थी। हुआ यूं था कि शो के दौरान करण ने वरुण से कहा तुम और नताशा, हैप्पी फ्रेंड की तरह लगते हो इस पर तुरंत ही वरुण ने कहा हैप्पी कपल। इसके बाद करण जौहर ने कहा क्या तुम अपने रिलेशनशिप को एक्सेप्ट कर रहे हो? इस पर भी वरुण ने कहा कि वह नताशा को डेट कर रहे हैं और वह दोनों कपल हैं। शादी के लिए भी उन्होंने बताया कि वह प्लॉनिंग कर रहे हैं।



बता दें कि वरुण और नताशा बचपन के दोस्त हैं। दोनों को ही फैमिली फंक्शन के दौरान अक्सर साथ ही देखा गया है। इसके अलावा वरुण धवन यह भी कहते हुए सुने जाते हैं कि उनकी गर्लफ्रेंड नताशा ग्लैमर से दूर एक आम जिंदगी जीना चाहती हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो वरुण फिल्म मेकर करण जौहर की फिल्मकलंक में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके अलावा आलिया भट्ट, सोनाक्षी सिन्हा, आदित्य रॉय कपूर, संजय दत्त और माधुरी दीक्षित भी शामिल हैं। फिल्म इसी साल अप्रैल माह में रिलीज होगी।

# गौरी खान ने तिस्वा के लिए सिग्नेचर स्प्रिंग कलेक्शन 2019 पेश किया

सेलेब्रिटी इंटीरियर डिजाइनर गौरी खान ने यहां लैक्मे फैशन वीक में तिस्वा के लिए अपने सिग्नेचर स्प्रिंग कलेक्शन 2019 को पेश किया। यह कलेक्शन उन्होंने तिस्वा के लिए खुद बनाया है। तिस्वा उषा इंटरनेशनल का प्रीमियम होम डेकोरेटिव लाइटिंग ब्रांड है। इस कलेक्शन में स्पेन एवं इटली के खूबसूरती से हाथ से बनाए गए मुरानो और बोहेमिया ग्लास ल्युमिनरीज शामिल हैं। गौरी ने कलेक्शन के लॉन्च के मौके पर कहा, यह रेंज उत्कृष्ट है- क्लोवेल जो कि एक रंगीन स्पेनिश कार्नेशन के जैसा है, से लेकर फ्यूएनेट तक जो स्पेन में मोंटजुइक के जादुई फाउंटेन की नकल करता है अथवा कैस्टिलो जिसमें स्पेन के महलों का सार लिया गया है और एस्ट्रेला जो कि घर में स्टार लाइट का समावेश करने का वादा करता है..प्रत्येक शैन्डलियर (झाड़-फानूस) की अपनी अनूठी कहानी है।

नवीनतम कलेक्शन में कलात्मक रूप से हाथ से बनाए गए उत्पाद शामिल हैं जिन्में उम्दा रंगों का इस्तेमाल किया गया है। शैन्डलियर की स्पेनिश रेंज को अपने हैंड कट्स एवं बोहेमियन ग्लास के लिए जाना जाता है, और यह प्रत्येक पीस को स्टेटमेंट आर्ट बनाती है। कलेक्शन में मौजूद इटैलियन शैन्डलियर को प्राचीन मुरानो ग्लास से बनाया गया है और इसमें प्राचीन ग्लास ब्लोइंग तकनीक का प्रयोग किया गया है।

इन ल्यूमिनरीज में विंटेज डिजाइन रंगों एवं जटिलता का रचनात्मक मिश्रण है। तिस्वा की प्रत्येक लाइट एक अविश्वसनीय खूबी का संयोजन पेश करती है।